मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-266
29/05/2025

# जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के नये टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा बिहटा हवाई अड्डा के नये सिविल एनक्लेव के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुये राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

पटना, 29 मई, 2025 :– जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के नये टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा बिहटा हवाई अड्डा के नये सिविल एनक्लेव के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन तथा बिहटा हवाई अड्डा के नये सिविल एनक्लेव का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

नये टर्मिनल भवन के निर्माण से राज्य में हवाई संपर्कता सुदृढ़ होगी एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राज्य में आर्थिक वृद्धि और समग्र विकास को भी गति मिलेगी।

इसके पूर्व पटना हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन पर पुष्प–गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

******